अमर उजाला 15/10/2022

# विज्ञान के क्षेत्र में अवसरों की दी जानकारी

अंबाला। जीएमएन कॉलेज के रसायन विभाग द्वारा विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. वीके जैन ने मुख्यातिथि की भूमिका निभाई और आईक्यूएसी इंचार्ज प्रोफेसर रचना खन्ना मौजूद रही। विभागाध्यक्ष डॉ. नेहा अग्रवाल, मैडम दीप्ति धीमान इस प्रतियोगिता के समन्वयक रहे। इस प्रतियोगिता में 5 टीमों ने हिस्सा लिया। विजेता रहे हर्षित, जश्विनी, प्रज्ञा शाईना, अंकित, लक्ष्य, दीपा, खुशी, शिवानी की टीमों को प्राचार्य द्वारा सर्टिफिकेट से नवाजा गया। कॉलेज प्राचार्य ने विद्यार्थियों को सह पाठ्यक्रम गतिविधियों में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया और विज्ञान के क्षेत्र में विभिन्न अवसरों से विद्यार्थियों को अवगत कराया। संवाद